an>

Title: Regarding loss of agricultural land and property due to floods in Ganga and Kosi rivers in Bhagalpur district of Bihar.

श्री शैलेश कुमार (भागलपुर): सभापति महोदय, हमारा मामला जल संसाधन विभाग से संबंधित है। आज दो बजे से इस विभाग पर चर्चा हो रही थी। उसमें मुझे भी बोलने का मौका मिला और तब मैंने यह मामला उठाया था, क्योंकि हमारे एरिया में कटाव अभी भी हो रहा है। अभी पांच-दस मिनट पहले मैं बाहर गया था, अभी भी वहां कटाव हो रहा है और लगभग एक हजार परिवार घर से बेघर हो रहे हैं। विक्रमशिला के अपस्ट्रीम में राघवपुर में, बिनटोले इस्माइलपुर, सहोरा इलाके में कटाव हो रहा है। जब जल संसाधन विभाग के बारे में चर्चा हो रही थी, तब मैंने विस्तृत रुप से सदन में यह मामला रखने का काम किया और जब मंत्री जी का वक्तव्य आया तो हमें विश्वास था कि जो कटाव वाले क्षेत्रों के लोग हैं, उनके प्रति कुछ न कुछ सहानुभूति इस सदन को होगी और मंत्री महोदय उस पर अपनी बात रखने का काम करेंगे। लेकिन मंत्री महोदय की तरफ से कोई सेंसेशन नहीं थी, उनका कोई जवाब नहीं आया। मैंने अभी बाद में बोलते समय भी कहा, लेकिन उनका कोई जवाब नहीं आया। सरकार के लोग चाहे जितनी अपनी पीठ थपथपा लें, लेकिन सरकार कटावग्रस्त क्षेत्रों के लोगों के प्रति बिल्कुल असंवेदनशील है।

महोदय, इसलिए मैं आपके माध्यम से कहना चाहूंगा कि इस मामले पर त्वरित कार्रवाई की जाए। जो कटाव वाले लोग हैं उनको पूरी तरह से बचाया जाए। महोदय, यह कैसी विडंबना है कि यहां चर्चाएं हो रही हैं और वहां लगातार लोग कटते जा रहे हैं। इसको गंभीरता से लेना जरूरत है।